इस विज्ञापन द्वारा अग्रवर्णित पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

## खण्ड "अ"

**(एक)— पदों की श्रेणीवार संख्या :—**

| Name of post | Category | | | | Total Post |
|---|---|---|---|---|---|
| | UR | OBC | SC | ST | |
| Junior Judicial Translator | 23 (1 PH) | 06 | 07 (1 PH) | 09 (1 PH) | 45 (3 PH) |

**नोट** :— उपरोक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

**(दो)— पदनाम, वेतनमान, शैक्षणिक/तकनीकी अर्हतायें तथा आयु सीमा :—**

विज्ञापित पद का नाम, वेतनमान, शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता तथा आयु सीमा *High Court of Madhya Pradesh Services (Recruitment, General Conditions of Services, Conduct, Classification, Control and Appeal) Rules, 2017* की "अनुसूची—एक के अनुक्रमांक 46 के कॉलम क्र0—2, 5, 6 एवं 7" के अनुसार निम्न हैं :—

| पदनाम | वेतनमान | शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता | आयु सीमा दिनांक 01.01.2024 को |
|---|---|---|---|
| Junior Judicial Translator | 9300-34800 + GP 3600 | 1. Law Graduate and must possess knowledge of English & Hindi.<br>2. Knowledge of Computer Application. | 18-35 वर्ष |

**(तीन)— संबंधित पद की योग्यता हेतु टीप :—**

उपरोक्तानुसार दर्शित सभी शैक्षणिक व तकनीकी अर्हतायें ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक धारित/उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

**(चार)— आरक्षण संबंधी टीप :—**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के मध्यप्रदेश राज्य के बाहर के सभी आवेदक, आवेदन पत्र में अपनी श्रेणी "अनारक्षित" भरें। आरक्षण का लाभ केवल मध्यप्रदेश राज्य के ऐसे मूल निवासी अभ्यर्थियों, जो अनुसूचित जनजाति अथवा अनुसूचित जाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी के सदस्य हों, को ही प्राप्त होगा।

**(पांच)— चयन एवं अभ्यर्थिता हेतु अर्हता निम्नानुसार होगी :—**

1. कोई व्यक्ति नियुक्ति के लिये तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक कि वह भारत का नागरिक ना हो।

मुख्य लिखित परीक्षा 100 अंको की होगी। मुख्य लिखित परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा केंद्र की सूचना पृथक से उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी। मुख्य परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी। अभ्यर्थियों को पूछे गये प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराई गई **प्रश्नपत्र–सह–उत्तर पुरितका** में ही लिखने होंगे।

**(ख)– मुख्य लिखित परीक्षा केन्द्र :–**

मुख्य लिखित परीक्षा उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर परिसर में अथवा जिला जबलपुर में किसी अन्य स्थान/परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा केन्द्र के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा एवं इस संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों को संक्षिप्ततः नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा। परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा केन्द्र की जानकारी उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर अधिसूचना के माध्यम से प्रकाशित/सूचित की जावेगी।

**(ग)– मुख्य लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम :–**

| Post | Subject | Marks | Time |
|---|---|---|---|
| Junior Judicial Translator | Translation (Hindi to English) | 40 | 02:00 Hrs. |
| | Translation (English to Hindi) | 20 | |
| | Vocabulary, Maxims, Legal Terminology, Proverbs, Quotations (In English language). | 20 | |
| | Computer Knowledge (In English language) | 20 | |

नोटः– मुख्य लिखित परीक्षा में सामान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

**(ग्यारह)– अंतिम परिणाम :–**

मुख्य लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर चयन सूची व प्रतीक्षा सूची (अंतिम परिणाम) बनायी जावेगी, अंतिम परिणाम को उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर प्रकाशित/सूचित किया जावेगा। एक से अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक होने की दशा में अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता देते हुए सूची तैयार की जावेगी।

**नोट :–** अंतिम परिणाम सूची में अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होगा, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी

